हादसा | अमरकंटक से लौट रहा परिवार हादसे का शिकार

# कार दुर्घटना में बालक की मौत, 60 फीट खाई में गिरा युवक

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** जिले में बुधवार-गुरुवार के दौरान हुई दो अलग-अलग दर्दनाक घटनाओं में एक 10 वर्षीय बालक और एक 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अमरकंटक से लौट रहे परिवार की कार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जबकि जैतहरी क्षेत्र में एक युवक 60 फीट गहरी खाई में गिर गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



### कार ने मारी टक्कर

जानकारी के अनुसार भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी (बड़ी मौहरी) निवासी विनोद कुमार साहू अपने परिवार के सात सदस्यों के साथ मां नर्मदा के दर्शन के लिए अमरकंटक गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार क्रमांक एपी 18 जेडसी 2522 से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान किरर घाट में सिद्धबाबा के नीचे सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 51 सीए 6950 से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में विनोद कुमार साहू के 10 वर्षीय पुत्र आयुष साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। वहीं कार में सवार अन्य परिजनों को भी चोटें आई हैं, जिनका जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार चल रहा है। मामले की अग्रिम जांच के लिए कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचित किया गया है।

### परिजनों की सहायता से शव को खाई से बाहर निकाला

दूसरी घटना जैतहरी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैहार के दुखवाटोला की है। बुधवार रात 45 वर्षीय पचलू बैगा पिता स्वर्गीय ऐतू बैगा गांव से कुछ दूरी पर बुधना बैगा के खेत के पास स्थित जंगल किनारे लगभग 60 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमर वर्मा पुलिस दल के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और परिजनों की सहायता से शव को खाई से बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए जैतहरी अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### संतुलन बिगड़ने से खाई में गिरा

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार पचलू बैगा को मिर्गी की बीमारी थी और उसे समय-समय पर चक्कर आने की शिकायत रहती थी। आशंका जताई जा रही है कि वह देर रात किसी कार्य से गांव के बाहर गया होगा, तभी संतुलन बिगड़ने से खाई में गिर गया, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# अवैध लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**मुखबिर की सूचना पर ग्राम परासी से तितरी पोंडी मार्ग पर पकड़ा**

**कोतमा, नवभारत 25 जून।** वन परिक्षेत्र कोतमा के अंतर्गत वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विभाग ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम परासी से तितरी पोंडी मार्ग पर नाकाबंदी कर खम्हार प्रजाति की कीमती लकड़ियों से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। जप्त किए गए वाहन और लकड़ियों को सुरक्षित कस्टडी में लेकर डिपो बुढानपुर परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 23.06.2026 को वन परिक्षेत्र अधिकारी को मुखबिर के जरिए पुख्ता सूचना मिली थी कि ग्राम परासी से तितरी पोंडी मार्ग की ओर भारी मात्रा में अवैध रूप से खम्हार प्रजाति की लकड़ियों का परिवहन



किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष टीम का गठन कर टीम को मौके के लिए रवाना किया गया।

### इस टीम की रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई को वन परिक्षेत्र अधिकारी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान अपनी सजगता और त्वरित एक्शन के लिए:परिक्षेत्र सहायक लतार, बीटगार्ड धुरवासिन, बीटगार्ड हरद, बीटगार्ड सकोला की भूमिका बेहद सराहनीय रही। उच्च अधिकारियों ने अवैध कटाई और परिवहन पर अंकुश लगाने वाली इस सजग टीम की पीठ थपथपाई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में वनों के अवैध दोहन और कीमती लकड़ियों की तस्करी के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पीछा कर पकड़ा वाहन, वन अपराध दर्ज

तय मार्ग पर घेराबंदी के दौरान टीम ने संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को आते देखा। जब वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें भारी मात्रा में अवैध रूप से कटी हुई खम्हार प्रजाति की लकड़ियाँ लोड थीं। वाहन चालक के पास लकड़ियों के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या रॉयल्टी रसीद नहीं पाई गई। जिसके बाद टीम ने नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए लकड़ियों समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग द्वारा इस मामले में वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डॉक्टरों के अभाव में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक बंद

**स्वास्थ्य विभाग के दावों की खुली पोल, ग्रामीणों में आक्रोश**

**कोतमा, नवभारत 25 जून।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी गरीबों को उनके घर के पास बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक' योजना क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में संचालित संजीवनी क्लिनिक पर चिकित्सकों के अभाव के चलते ताला लटक गया है। क्लिनिक बंद होने से स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।

ताले पर लटकी सूचना: 'चिकित्सक के अभाव में क्लिनिक अस्थायी रूप से बंद '



क्लिनिक परिसर में प्रबंधन द्वारा चस्पा किए गए एक आधिकारिक सूचना पत्र ने सरकार के दावों की हवा निकाल दी है। सूचना पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है: 'चिकित्सक के अभाव में आगामी आदेश प्राप्ति तक संजीवनी क्लिनिक को अस्थायी रूप से बंद किया जाता है। 'इस सूचना के सार्वजनिक होते ही क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली को लेकर बहस तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।

### कागजों तक सीमित सरकारी योजनाएं

स्थानीय ग्रामीणों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों और विज्ञापनों तक ही सीमित रह गई हैं। जिन गरीब, बुजुर्ग एवं ग्रामीण मरीजों को प्राथमिक उपचार और सामान्य बीमारियों की दवाओं के लिए इस क्लिनिक से बड़ी राहत मिलती थी, उन्हें अब इलाज के लिए मजबूरन दूरस्थ और महंगे निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि— 'यदि सरकार समय रहते चिकित्सकों की नियुक्ति ही सुनिश्चित नहीं कर पा रही है, तो इन भारी-भरकम योजनाओं का लाभ आम जनता तक कैसे पहुंचेगा?' संजीवनी क्लिनिक का बंद होना यह साबित करता है कि स्वास्थ्य विभाग के संचालन और निगरानी में गंभीर खामियां हैं।

### कोतवाली पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से 24 जून से 8 जुलाई तक पूरे प्रदेश में ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन द्वारा जिले में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अनूपपुर में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों एवं उपस्थित कर्मचारियों को ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों तथा उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी गई।

# वाटर शेड परियोजना के कार्यों का सीईओ ने किया निरीक्षण

**पुष्पराजगढ़ में तकनीकी अमले को गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश**

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत संचालित वाटर शेड परियोजना के विभिन्न कार्यों का जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने गुरुवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने परियोजना से जुड़े निर्माण एवं जल संरक्षण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री कडियाम, वाटर शेड परियोजना अधिकारी राजेंद्र कोसरिया, रामनाथ कोरी सहित तकनीकी अमला उपस्थित



रहा। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पुष्पराजगढ़ अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत पिपरहा में स्टॉप डैम, बेलडोंगरी में अमृत सरोवर, मौहरी में स्टॉप डैम, खेत तालाब एवं पौधारोपण कार्य, देवरा में स्टॉप डैम तथा बेंदी में तालाब, स्टॉप डैम और खेत तालाब का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन से जुड़े इन कार्यों का लाभ सीधे ग्रामीणों और किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने तकनीकी अमले को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

### भू-जल पुनर्भरण और कृषि उत्पादकता बढ़ाना उद्देश्य

परियोजना से जुड़े अधिकारियों को कार्यों में गति लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण संरचनाओं के बेहतर रखरखाव और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिले में वाटर शेड परियोजना के माध्यम से जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## एक नजर में



### महिला सशक्तिकरण गतिविधियों की हुई समीक्षा

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत पहल के अंतर्गत राज्य सलाहकार निशा बारी परनामी ने जनपद पुष्पराजगढ़ की ग्राम पंचायत कोहका का निरीक्षण कर पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा पंचायत की विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान आयोजित महिला आमसभा में राज्य सलाहकार ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न विकास संकेतकों की समीक्षा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों को महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण अभियान एवं जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। राज्य सलाहकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।भ्रमण के दौरान आजीविका अमरकंटक कोदो प्रसंस्करण इकाई का भी अवलोकन किया गया। यहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे कोदो-कुटकी आधारित उत्पादों की गुणवत्ता एवं उनके प्रयासों की सराहना की गई।



### 37 दिन बाद फिर दाखिल हुआ हाथियों का दल

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** छत्तीसगढ़ से चार हाथियों का एक दल 37 दिनों बाद एक बार फिर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में प्रवेश कर गया है। हाथियों का समूह बुधवार रात करीब 8.50 बजे छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल के शिवनी बीट क्षेत्र से अनूपपुर जिले के जैतहरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलना के गूजरनाला मार्ग से जिले में दाखिल हुआ।वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों का दल वर्तमान में ग्राम पंचायत चोलना के बचहा टोला क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों की गतिविधियों पर वन विभाग का मैदानी अमला लगातार निगरानी बनाए हुए है तथा उनके मूवमेंट की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों के दल के निकट न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। साथ ही वन क्षेत्र से लगे इलाकों, खेतों तथा कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। हाथियों के पुनः जिले में प्रवेश से चोलना एवं आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना से बचा जा सके।

अडानी थर्मल पावर प्लांट में शिविर का किया आयोजन

# रक्तदान शिविर में 293 यूनिट रक्त का संग्रह

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देशानुसार बुधवार को कोतमा स्थित अडानी थर्मल पावर प्लांट में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. एस.आर. परस्ते तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.सी. राय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में कुल 293 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

शिविर में कर्मचारियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी (एमडी पैथोलॉजी) डॉ. नीलेश द्विवेदी, लैब टेक्नीशियन भाई लाल पटेल, रामलाल राठौर, नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका नागपुरे एवं पिंकी चौधरी सहित चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 10 हजार से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण



**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** जिले में प्राचीन ज्ञान, दुर्लभ अभिलेखों और ऐतिहासिक ताड़पत्रों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान में अब तक अनूपपुर जिले में 10,544 प्राचीन पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की विशेष टीम द्वारा अमरकंटक एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्वेक्षण किया जा रहा है। अभियान के दौरान कई दुर्लभ और ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियां सामने आई हैं, जिनका विवरण आधिकारिक ऐप पर अपलोड किया गया है। अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी के पास संरक्षित उनके पूर्वजों द्वारा लिखित अनेक दुर्लभ पांडुलिपियां भी खोजी गई हैं। इनमें देवी तंत्र, हनुमत तंत्र, कर्मकांड से संबंधित विशेष तंत्र प्रयोगों के ग्रंथ तथा महर्षि वाल्मीकि कृत प्राचीन शास्त्रों का अनूठा संग्रह शामिल है।

### अस्पतालों में मरीजों को बांटे फल और खिचड़ी

**नवभारत, जबलपुर।** वैश्य महासम्मेलन के शिरोमणि अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर सेवा दिवस कार्यक्रम के तहत 24 जून को सुबह 10 बजे विक्टोरिया हॉस्पिटल में एवं 11 बजे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को खिचड़ी, फल और बिस्किट वितरित किए गए। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, संजय साहू, ज्योति जैन, राम अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सुनील ताम्रकार, जितेंद्र देव गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, राम गोहले, संदीप साहू, शंकर चौदहा, रुपेश अग्रवाल, गोविंद राय और संतोष गुप्ता उपस्थित रहे।

# मोहर्रम : शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर हर्षल पंचोली ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। मोहर्रम का पर्व 26 जून 2026 को मनाया जाएगा, जिसके दौरान ताजिया जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।



जारी आदेश के अनुसार अनूपपुर एवं चचाई थाना क्षेत्र के लिए प्रभारी तहसीलदार वेद प्रकाश सिंह, फुनगा चौकी क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार कौशलेन्द्र शंकर मिश्रा, भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार मंगलदास चतुर्वेदी, जैतहरी थाना क्षेत्र के लिए प्रभारी तहसीलदार रमाकांत तिवारी, वेंकटनगर थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार राजेंद्र दास पनिका, कोतमा थाना क्षेत्र के लिए प्रभारी तहसीलदार दशरथ सिंह, बिजुरी थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार लवतेन्द्र सिंह, रामनगर थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार मिथिला प्रसाद पटेल को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।



# राहगीरों के लिए आफत बना वन कार्यालय के बाहर लटका पेड़

**अधिकारी ने दिया जल्द हटाने का आश्वासन**

**कोतमा, नवभारत 25 जून।** वन परिक्षेत्र कार्यालय कोतमा के मुख्य द्वार के ठीक बगल में स्थित एक भारी-भरकम लिपटिस (यूकेलिप्टस) का पेड़ पिछले दिनों आए आंधी-तूफान के कारण जड़ से उखड़ गया। गनीमत यह रही कि पेड़ सीधे जमीन पर गिरने के बजाय बगल के ही एक अन्य पेड़ की शाखाओं में जाकर फंस गया।

वर्तमान में यह पेड़ मुख्य मार्ग (एएच 43) पर हवा में लटक रहा है, जो कभी भी धराशायी होकर किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

### एएच 43 पर मंडरा रहा है खतरा

यह पेड़ उस मार्ग पर है जहां से दिन-रात सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। पेड़ की स्थिति इतनी संवेदनशील है कि तेज हवा चलने या मामूली कंपन से भी यह नीचे गिर सकता है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस पर चिंता जताते हुए इसे एक गंभीर खतरे के रूप में देखा है।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने लिया संज्ञान

इस गंभीर समस्या के संबंध में जब वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा, हरीश तिवारी से बात की गई, तो उन्होंने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया। 'यह पेड़ निश्चित रूप से राहगीरों और वाहनों के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, इस टूटे हुए पेड़ को वहां से जल्द से जल्द हटवाने की कार्रवाई की जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।'

### इनका कहना है

अधिकारी के इस आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि प्रशासन किसी दुर्घटना का इंतजार किए बिना इस पेड़ को तुरंत वहां से साफ कराएगा।


**हरीश तिवारी**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

जनसुनवाई | उमड़ा सैलाब, प्रभावित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जताया समर्थन

# थर्मल एनर्जी की जलाशय एवं एनीकट परियोजना का मार्ग प्रशस्त

**अनूपपुर, नवभारत 25 जून।** कोतमा तहसील क्षेत्र में जल संरक्षण और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अदानी अनूपपुर थर्मल एनर्जी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित जलाशय एवं एनीकट निर्माण परियोजना को लेकर आयोजित जनसुनवाई शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

परियोजना से प्रभावित 10 गांवों के भू-स्वामियों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने परियोजना के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत छतई, गुलीडांड, पचखुरा,



छूलहा, मैनटोला, पथरौढ़ी, भाटाडांड, चंगेरी, कटकोना एवं पयारी गांवों की कुल 72.73 हेक्टेयर निजी भूमि का अर्जन प्रस्तावित है। भूमि स्वामियों की सहमति एवं आपत्तियों के लिए ग्राम मझौली एवं ग्राम करकोना के पंचायत परिसरों में लोक सुनवाई आयोजित की गई। यह प्रक्रिया 'भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013' के प्रावधानों के तहत संचालित की जा रही है।

### जनप्रतिनिधियों ने बताया विकास का आधार

जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सदस्य रिंकू रामजी मिश्रा ने परियोजना का समर्थन करते हुए कहा कि यह जलाशय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी परियोजना के पक्ष में अपने विचार रखे।

### जल संरक्षण और रोजगार की संभावनाएं

परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सिंचाई सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गर्मी के मौसम में जल संकट की समस्या कम होगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय आधारभूत ढांचे के विकास को भी गति मिलने की संभावना है।